BCM School Basant Avenue Ludhiana Class -VIII

Assignment -2

आजकल लोग प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। सरकार द्वारा भी प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। इसका कारण यह है कि प्लास्टिक नष्ट नहीं होता और यह पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक है। अब लोग कपड़े या कागज के थैलों का उपयोग करने लगे हैं। छोटे-छोटे प्रयासों से हम प्रकृति को संरक्षित कर सकते हैं। यदि हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे तो पर्यावरण को बचाया जा सकता है।

प्रश्न 1:लोग अब प्लास्टिक का उपयोग क्यों कम कर रहे हैं?

I) क्योंकि यह सुंदर नहीं दिखता।

II) क्योंकि यह सस्ता नहीं है।

III) क्योंकि यह पर्यावरण को नुकसान पहुँचाता है।

विकल्प:

क) केवल I और II

ख) केवल III

ग) सभी सही

प्रश्न 2:कथन: हर व्यक्ति यदि अपनी जिम्मेदारी समझे तो पर्यावरण को बचाया जा सकता है।

कारण: क्योंकि पर्यावरण केवल सरकार की ज़िम्मेदारी है।

विकल्प:

क) कथन और कारण दोनों सही हैं

ख) कथन सही है, कारण गलत है

ग) कारण सही है, कथन गलत है

प्रश्न 3:गद्यांश के अनुसार लोग अब किस प्रकार के थैले इस्तेमाल कर रहे हैं?

I) कपड़े के

II) कागज के

III) प्लास्टिक के

विकल्प:

क) केवल I और II

ख) केवल III

ग) सभी

2.व्याख्या कीजिए-

पक्षी और बादल, यह भगवान के डाकिए हैं,

जो एक महादेश से दूसरे महादेश को जाते हैं ।

हम तो समझ नहीं पाते हैं मगर उनकी लाई चिट्ठियॉ पेड़, पौधे, पानी और पहाड़ बॉचते हैं।

3. शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ-

पॉख सौरभ

4. संधि कीजिए-

1.जगत् + ईश

2.सम् + रक्षक

3.सत् + उपयोग

4.उत् + लास

5. संधि विच्छेद कीजिए-

1. परिणाम =
2. अनुच्छेद =
3. दिगंबर =
4. उन्नति =
5. उद्योग=